This Question Paper consists of **53** questions and **8** printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में **53** प्रश्न तथा **8** मुद्रित पृष्ठ हैं।

**Roll No.**
**अनुक्रमांक**

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

**Code No. 71/SS/337**
**कोड नं.**

**SET/सेट-** **A**

# TOURISM
# पर्यटन
# (337)

**Day and Date of Examination :** ______________________________
**(परीक्षा का दिन व दिनांक)**
**Signature of Invigilators :** **1.** ______________________________
**(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)**
**2.** ______________________________

*General Instructions :*

**1.** Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.

**2.** Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.

**3.** Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.

**4.** Write your Question Paper Code No. **71/SS/337 Set - A** on the Answer-Book.

**5.** (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

(b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

***सामान्य अनुदेश :***

**1.** परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

**2.** कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

**3.** उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

**4.** अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं **71/SS/337** , सेट - **A** लिखें।

**5.** (क) प्रश्न–पत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी माध्यम में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :
अंग्रेजी, हिंदी उर्दू, पंजाबी, बाँगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।
कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

(ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

# पर्यटन

# (337)

**समय : 3 घण्टे ]** **[ पूर्णांक : 100**

**निर्देश :** (i) इस प्रश्नपत्र में कुल 53 प्रश्न हैं, जो तीन भागों में विभाजित हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने गए हैं।

(iv) सभी प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक खण्ड में से या तो **वैकल्पिक मॉड्यूल - I** या **वैकल्पिक मॉड्यूल - II** में से दीजिए।

(v) **खण्ड – A :**

(a) प्रश्न संख्या **1** से **16** – बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। जो प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है। इन प्रश्नों में दिए गये चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए और लिखिए।

(b) प्रश्न संख्या **17** से **30** – वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है (**दो** उपभागों के साथ प्रत्येक का **1** अंक)। प्रत्येक प्रश्न में दिए गए सूचना निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(vi) **खण्ड – B** में **:**

(a) प्रश्न संख्या **31** से **40** अति-लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक के **2** अंक हैं और उत्तर की सीमा **30** से **50** शब्द हैं।

(b) प्रश्न संख्या **41** से **44** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक के **3** अंक हैं और उत्तर की सीमा **50** से **80** शब्द हैं।

(c) प्रश्न संख्या **45** और **46** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक के **6** अंक हैं और उत्तर की सीमा **80** से **120** शब्द हैं।

(vii) **खण्ड – C** में **:**

(a) प्रश्न संख्या **47** से **50** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं, जो प्रत्येक **1** अंक का है। इन प्रश्नों में प्रत्येक में दिए गए चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए और लिखिए।

(b) प्रश्न संख्या **51** वस्तुनिष्ठ प्रकार का प्रश्न है, यह प्रश्न **2** अंक का है (**2** उपभाों के साथ प्रत्येक का **1** अंक)। दिए गए निर्देशानुसार इस प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(c) प्रश्न संख्या **52** और **53** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं प्रत्येक के **3** अंक हैं और उत्तर की सीमा **50 - 80** शब्द हैं।

**निर्देश :**

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में **02.15** बजे किया जाएगा। **02.15** बजे से **02.30** बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर- पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

## खण्ड – A

**निर्देश** : दिए गए **चार** विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए : **1x6=16**

**1.** निम्नलिखित में से कौन सी पर्यटन उद्योग के लिए मुख्य चुनौती है ? **1**

(A) अवसंरचनाओं का विकास
(B) व्यापार संतुलन को बनाए रखना
(C) संस्कृतियों का मिश्रण
(D) अपशिष्ट उत्पादन और निपटान

**2.** निम्नलिखित में से कौन सा पर्यटन पर सकारात्मक राजनीतिक प्रभाव **नहीं** है? **1**

(A) स्थायित्व तथा शांति को बढ़ावा
(B) राजनीतिक उपद्रव
(C) कानून और व्यवस्था से पर्याटकों के आगमन में वृद्धि
(D) बचाव तथा सुरक्षा में वृद्धि

**3.** निम्नलिखित में से कौन अंतर्राष्ट्रीय समय रेखा को संदर्भित करता है ? **1**

(A) एक काल्पनिक रेखा जो उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव तक चलती है।
(B) एक काल्पनिक रेखा जो पूर्व-पश्चिम तक चलती है।
(C) एक कालपनिक रेखा जो पृथ्वी को उत्तरी तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में बांटती है।
(D) एक काल्पनिक सीधा रेखा जो 180° दशांतर के साथ चलती है।

**4.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन राजमार्ग से संबंधित **सही नहीं** है? **1**

(A) ये जिलो को कस्बों तथा शहरों से जोड़ते है।
(B) ये सड़को के जाल का केवल 2.0 प्रतिशत है।
(C) ये विभिन्न राज्य की राजधानी को मुख्य शहरों से जोड़ती है।
(D) ये सड़क आधारित कुल माल का 40 प्रतिशत भाग ढ़ोती है।

**5.** निम्नलिखित में से चिल्का झील किस राज्य से संबंधित है? **1**

(A) केरल
(B) पश्चिम बंगाल
(C) ओडिशा
(D) आंध्र प्रदेश

**6.** एक यात्री भारत की सबसे पुरानी भाप लोकोमोटिव इंजन पर यात्रा करना चाहता है तथा सरिस्का टाइगार रिजर्व जाने की योजना बनाता है। उसे किस ट्रेन को वरियता देनी चाहिए? **1**

(A) हेरिटेज ऑन व्हीलस
(B) फेरी क्वीन ट्रेन
(C) पैलेस ऑन व्हीलस
(D) मेट्रो ट्रेन

**7.** एक देश का विस्तार 75° पूर्व से 90° पूर्व देशांतर के बीच है। यदि इसका मानक मध्याह रेखा 82°30' पूर्व है, तो इसका ग्तीनवीच समय से मानक समय का अंतर क्या होगा ? **1**

(A) +7 घंटे 30 मिनट
(B) +6 घंटे 30 मिनट
(C) +4 घंटे 30 मिनट
(D) +5 घंटे 30 मिनट

8. निम्नलिखित में से कौन ''तुती-ए-हिंद'' के नाम से जाना जाता है ? 1

(A) नायक गोपाल
(B) तानसेन
(C) अमीर खुसरो
(D) शेख निज़ामुद्दीन

9. प्रसिद्ध सितार वादक पंडित रविशंकर को किस वर्ष भारत रत्न से सम्मानित किया या ? 1

(A) 1996 (B) 1997 (C) 1998 (D) 1999

10. मध्य प्रदेश में स्थित खजुराहों मंदिर का निर्माण निम्नलिखित में से किसके द्वारा कराया गया ? 1

(A) चंदेल (B) पल्लव (C) चोल (D) पांड्य

11. सिंधु घाटी सभ्यता का प्राचीन स्थल, ''कालीबंगा'' भारत के किस राज्य में स्थित है ? 1

(A) राजस्थान (B) पंजाब (C) गुजरात (D) हरियाणा

12. घूमर नृत्य में निम्नलिखित में से किस देवता की पूजा की जाती है ? 1

(A) देवी दुर्गा
(B) देवी काली
(C) देवी सरस्वती
(D) देवी लक्ष्मी

13. खानकाह से अभिप्राय है : 1

(A) भोजन परोसने का स्थान
(B) दिव्य शक्ति की गद्दी
(C) पवित्र शहर
(D) स्थान जहां सूफी निवास करते है

14. निम्नलिखित में से कौन बुद्ध के ''अष्टांग मार्ग'' में सम्मिलित नहीं है ? 1

(A) उचित इच्छा
(B) उचित संकल्प
(C) उचित दृष्टिकोण
(D) उचित कर्य

15. महावीर ने किस भाषा में उपदेश दिए? 1

(A) संस्कृत (B) प्राकृत (C) हिंदी (D) पाली

16. विश्व पर्यटन दिवस किस दिन मनाया जाता है ? 1

(A) 27 सितंबर (B) 8 नवम्बर (C) 14 दिसम्बर (D) 27 अक्टूबर

17. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए - 1x2=2

(a) ___________ एक निश्चित समयावधि में किसी तथ्य की प्रवृत्ति के अध्ययन के लिए ___________ को प्रयोग में लाया जाता है।

(b) भारत का समय ___________ देशांतर से निर्धारित होता है।

18. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। 1x2=2

(a) यमुना एक्सप्रेस वें दुनिया में प्रसिद्ध आगरा में स्थित ताजमहल को ___________ से मिलाता है।

(b) राष्ट्रीय जलमार्ग सदिया से ___________ तक 891 किलोमीटर लंबा है।

19. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए : 1x2=2

(a) माउंट आबू स्थित ___________ जैनियों का सबसे सुंदर मंदिर है।

(b) बुद्ध ने ___________ में महापरिनिर्वाण की प्राप्ति की।

**20.** **सत्य** या **असत्य** की पहचान कीजिए। **1x2=2**

(a) सरधाना चर्च बेगम समरु द्वारा निर्मित किया गया था।

(b) गुरु तेग बहादुर सिक्खों के दसवें गुरु थे।

**21.** रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। **1x2=2**

(a) पर्यटन सूचकांक को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के आगमन तथा ___________ से मापा जाता है।

(b) देश के सभी स्मारकों में से ताज़महल, आगरा किला तथा ___________ सर्वाधिक लोकप्रिया पर्यटन स्थल है।

**22.** **सत्य** या **असत्य** की पहचान कीजिए। **1x2=2**

(a) पर्यटन आगमल का अर्थ है किसी पर्यटन केंद्र पर 48 घंटो के लिए निवास पाने वाले व्यक्तियों की संख्या है।

(b) 2012 में अमेरिका में अंतर्रष्ट्रीय पर्यटको की अधिकतम वृद्धि दर्ज की गई।

**23.** **कॉलम** **A** का मिलान **कॉलम** **B** से कीजिए। **1x2=2**

| | **A** **(व्यक्तित्व लक्षण)** | | **B** **(विशेषता)** |
|---|---|---|---|
| (a) | विचारक | (i) | व्यक्तिगत मूल्य को वरियता |
| (b) | भावुक | (ii) | संरचना को वरियता |
| | | (iii) | आत्म अनुशासन तथा व्यवस्थित |
| | | (iv) | समस्याओं को हल करने मे तर्क तथा कारण का प्रयोग |

**24.** **सत्य** या **असत्य** की पहचा कीजिए। **1x2=2**

(a) भावनात्मक स्थिरता बिग फाइव माडल के अंतर्गत सूचीबद्ध एक व्यक्तित्व गुण है।

(b) अंतदृष्टि संपन्न व्यक्तित्व वाले व्यक्ति सामाजिक तौर पर खुले होते है।

**25.** एक शब्द में उत्तर दीजिए : **1x2=2**

(a) भारतीय अमहाद्वीप के दक्षिणतम भाग पर स्थित पवित्र स्थान का नाम लिखिए।

(b) जैनधर्म के अंतिम तीर्थंकर के नाम का उल्लेख कीजिए।

**26.** रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। **1x2=2**

(a) प्रतियोगी व्यवसायिक ____________ होते है जो समान प्रकार के व्यवसाय चलाते है और बाजार में एक प्रकार के उत्पाद प्रस्तुत करते है।

(b) ___________ मूल्यन में कोई भी संगठन अपने उत्पाद की बिक्री और बाज़ार में अपनी भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रारंभ में उसका मूल्य कम रखता है।

**27.** **सत्य** या **असत्य** की पहचान कीजिए। **1x2=2**

(a) विक्रय प्रोत्साहन की प्रकृति अवैयक्ति होती है।

(b) विज्ञापन में तत्काल अभिमत नहीं मिलता।

**28.** **सत्य** या **असत्य** की पहचान कीजिए। **1x2=2**

(a) तुर्कीयों के द्वारा इस्लाम भारत में आया।

(b) पैगंबर मोहम्मद मक्का से मदीना 622 ईसवी में प्रवास कर गए।

29. **सत्य** या **असत्य** की पहचान कीजिए। **1x2=2**

(a) कैलाश पर्वत दक्षिणी – पश्चिमी तिस्बती क्षेत्र में स्थित एक पवित्र तीर्थस्थल है।

(b) अमरनाथ गुफा को ''शाश्वत तीर्थस्थान'' कहा जाता है।

30. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए : **1x2=2**

(a) डांडिया लोकनृत्य ____________ के अवसर पर किया जाता है।

(b) कालबेलिया लोक नृत्य का संबंध ___________ राज्य से है।

**खण्ड – B**

31. सामान्य संदर्भ मानचित्र की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **1x2=2**

**अथवा**

राजनीतिक मानचित्र की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

32. भारत दर्शन पर्यटक ट्रेन की किन्हीं दो विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। **1x2=2**

**अथवा**

पर्यटको के लिए रेल परिवहन के दो लाभ की व्याख्या कीजिए।

33. भूगोल का ज्ञान पर्यटन में किस प्रकार सहायता करता है? दो बिंदुओं में स्पष्ट कीजिए। **2**

34. हाल के दशकों में यात्रा और पर्यटन में भारत में क्यों वृद्धि हुई है ? किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए। **2**

**अथवा**

भारत में उभरते आयाम के रुप में आध्यत्मिक पर्यटन की दो बिंदुओं में व्याख्या कीजिए।

35. प्राकृतिक परिदृश्य सांस्कृतिक परिदृश्य से किस प्रकार भिन्न है ? दो बिंदुओं में स्पष्ट कीजिए। **2**

36. ''अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आगमन की प्रवृत्ति निरंतर बढ़ रही है''। दो उपयुक्त तर्कों से कथन को पुष्टि कीजिए। **2**

37. ''पैकेज प्रदाता पर्यटकों के लिए बहुत सहायक होते है''। दो बिंदुओं में कथन का विश्लेषण कीजिए। **2**

38. घरेलू पर्यटक की किन्हीं दो विशेषताओं वर्णन कीजिए। **2**

39. हिंदू तीर्थ यात्रियों के लोकप्रिय तीर्थ केदारनथ के महत्व के किन्हीं दो बिंदुओं मे वर्णन कीजिए। **2**

**अथवा**

बौद्ध धर्म के केंद्र के रुप में नालंदा के महत्व का किन्हीं दो बिंदुओं में वर्णन कीजिए।

40. प्रभावशाली लेखन के कोई दो सिद्धांतो की व्याख्या कीजिए। **2**

**अथवा**

रियायती मूल्यन के कोई दो महत्व को स्पष्ट कीजिए।

41. राजस्थान में स्थित जैनियों के किन्हीं तीन धार्मिक तीर्थ स्थलों की व्याख्या कीजिए। **3**

**अथवा**

तमिलनाडु में स्थित कोई तीन इसाई धरोहर स्थलों की व्याख्य कीजिए।

**42.** गंतव्य स्थानों पर, पर्यटन के किन्हीं तीन नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभावों का उल्लेख कीजिए। **3**

**अथवा**

गंतव्य स्थानों पर, पर्यटन के किन्हीं तीन सकारात्मक सामाजिक-सांस्कृतिक प्रभावों का उल्लेख कीजिए।

**43.** ''पर्यटन का स्थनिक वितरण विभिन्न पर्यावरणीय स्थितियों पर निर्भर करता है''। तीन उचित तर्क द्वारा कथन की पुष्टि कीजिए। **3**

**44.** भगवान कृष्ण से संवंधित वाद्य यंत्र की किन्हीं तीन विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए। **3**

**अथवा**

भारतीय वास्तुकला पर अंग्रेजों के प्रभावों का विश्लेषण तीन बिंदुओं में कीजिए।

**45.** भारतीय संगीत में अमीर खुसरो के योगदान की छः बिंदुओं में व्याख्या कीजिए। **6**

**अथवा**

संगीत में तानसेन के योगदान की छः बिंदुओं में व्याख्या कीजिए।

**46.** पर्यटन में लिखित संप्रेषण की भूमिका को छः बिंदुओं में स्पष्ट कीजिए। **6**

**अथवा**

एक प्रभावशाली समूह निर्माण के चरणों को स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड – C

## वैकल्पिक मॉड्यूल - I (यात्रा एवं पर्यटन संचालन व्यवसाय)

**47.** निम्नलिखित में से कौन भारत में ट्रैवल एजेंसी स्थापित करने वाला पहला भारतीय था? **1**

(A) पिन्टो (B) जोन मासोन

(C) थामस कुक (D) पतलो नजी कटग्रा

**48.** निम्नलिखित में से कौन विश्व की एक लोकप्रिय यात्रा संस्था **नहीं** है ? **1**

(A) सार्वभौमिक यात्रा-ऐजेंट संघ

(B) पेसिफिक एशिया यात्रा संघ

(C) ओहियो यात्रा संघ

(D) अंतर्राष्ट्रीय हवाई यातायात संघ

**49.** निम्नलिखित में से किसे ''गंतव्य प्रबंधन कंपनियाँ कहा जाता है ? **1**

(A) बहिर्गामी पर्यटन संचालक (B) स्थलीय संचालक

(C) घरेलु पर्यटन संचालक (D) अंतर्गामी पर्यटन संचालक

**50.** निम्नलिखित में से कौन सी ट्रेन भारत में विलासिता पर्यटक **नहीं** है ? **1**

(A) डेकेन ओडेसी (B) गोल्डन चैरियॉट

(C) टाइगर एक्सप्रेस (D) इंडियन महाराजा

**51.** **सत्य** या **असत्य** की पहचान कीजिए। **1x2=2**

(a) एक पर्यटक भारत से फ्रांस जाता है। वह ABC इंडिया से पर्यटन पैकेज खरीदता है तथा ABC पर्यटन संचालक उसके लिए आवश्यक पर्यटन दस्तावेजो को तैयार करता है। ABC पर्यटक संचालक तहिर्गामी पर्याटन संचालक है।

(b) यात्रा-एजेंसिया तीन प्रकार की होती है।

52. कंपनी का सामजिक दायित्व क्यों आवश्यक है ? तीन बिंदुओं में स्पष्ट कीजिए। 1x3=3

53. पर्यटन पैकेज के तत्वों की परख कीजिए। 1x3=3

**अथवा**

पर्यटन पैकेज के किन्हीं तीन प्रकरों की परख कीजिए।

## वैकल्पिक मॉड्यूल - II (आतिथ्य प्रबंधन)

47. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म गलत है ? 1

| | **(आवास)** | | **(विशेषता)** |
|---|---|---|---|
| (a) | सर्किट हाउस | - | उच्च स्तरीय सरकारी अधिकारियों को कमरे उपलब्ध कराते है। |
| (b) | यूथ होस्टल | - | पर्यटकों को सस्ते आवास प्रदान करते है। |
| (c) | वन विश्राम गृह | - | वन्य जीव अभयारण्यों में यात्रा करने वालों को आवास सुविधा देते है। |
| (d) | डाक बंगला | - | सरकारी ड्यूटी पर यात्रा करने वाले अधिकारियों को आवास सुविधा देते है। |

48. बंगाल का एक होटल मीठे पनीर से बने पारंपरिक मिठाई को प्रदर्शित करना चाहता है। उन्हें कौन सी मिठाई प्रस्तुत करनी चाहिए ? 1

(A) चमचम (B) रसगुल्ला (C) मोआ (D) सोन्देश

49. दो व्यक्तियों के लिए कमरे में अलग अलग दो विस्तर किस प्रकार के कक्ष में डिज़ाइन किये जाते है। 1

(A) जुड़वा (B) सुएट (C) युगल (D) लानाय

50. निम्नलिखित में से कौन अतिथ्य सत्कार उद्योग के प्रशिक्षण एवं विकास क्रिया में सम्मिलित **नहीं** है ? 1

(A) वस्तुओं का उत्पादन (B) खाघ स्वच्छाता
(C) तकनीकी योग्यता (D) ग्राहक सेवाएं

51. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। 1x2=2

(a) पंचमेल की सब्ज़ी ____________ व्यंजन है।
(b) अवियाल ____________ का एक प्रसिद्ध भोजन है।

52. स्वच्छता विभाग के किन्हीं तीन कार्यो का वर्णन कीजिए। 1x3=3

53. होटल में सुरक्षा विभाग की भूमिका को छः बिंदुओं में स्पष्ट कीजिए। 1x3=3

**अथवा**

होटल के अनुरक्षण विभाग के तीन मुख्य कार्यों को स्पष्ट कीजिए।

- o O o -